

हिंदी दैनिक ख़बर

हर पल, हमारी ख़बर

# केशववाणी


**अनमोल वचन**

जो अपने सपनों को पूरा करने का साहस करता है, वह हर मुश्किल को पार कर सकता है।


शनिवार 31 जनवरी 2026 बर्ष 02 अंक 127 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com www.keshavtvbihar@gmail.com


## इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 को लेकर नालंदा में हाई अलर्ट, डीएम, एसपी खुद मैदान में, 40 केंद्रों पर 44,352 परीक्षार्थी होंगे शामिल

संवाददाता केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में सभी प्रतिनियुक्त स्टैटिक, जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारियों, संबंधित पुलिस पदाधिकारियों तथा परीक्षा केंद्राधीक्षकों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई।बताया गया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक दो पालियों में किया जाएगा। इसके लिए नालंदा जिले में कुल 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बिहारशरीफ में 31, राजगीर में 4 तथा हिलसा में 5 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। परीक्षा के लिए 18 केंद्र छात्राओं एवं 22 केंद्र छात्रों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस वर्ष कुल 44,352 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनमें 23,132 छात्र एवं 21,220 छात्राएं हैं।प्रशासन ने सभी केंद्राधीक्षकों को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वहीं केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अथवा कर्मी को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होग. ी।गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षार्थियों के लिए जूता–मोजा पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल चप्पल पहनकर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा के लिए पूर्वाह्न 9:00 बजे तक





तथा द्वितीय पाली के लिए अपराह्न 1:30 बजे तक परीक्षा भवन में प्रवेश अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।परीक्षा को कदाचारमुक्त बनाए रखने के लिए जिले में 115 स्टैटिक दंडा. धिकारी, 38 गश्ती दल दंडाधिकारी, 20 जोनल (उड़नदस्ता) तथा 8 सुपर जोनल दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जोनल एवं सुपर जोनल दंडाधिकारी नियमित रूप से परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करेंगे और अपने निरीक्षण की टिप्पणी पंजी में दर्ज कर प्रतिदिन दैनिक खैरियत प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को सौंपेंगे।परीक्षा अवधि के दौरान जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष टॉल फ्री नंबर 18003456323 पर कार्यरत रहेगा। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा सतत वीडियोग्राफी कराई जाएगी। वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति रैंडमाइजेशन के आधार पर की जाएगी। केंद्राधीक्षक सभी वीक्षक एवं सहयोगी कर्मियों को पहचान पत्र निर्गत करेंगे।परीक्षार्थियों की कड़ी जांच सुनिश्चित की जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला दंडाधिकारी एवं महिला पुलिस बल द्वारा की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती रहेगी। सभी परीक्षा कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।प्रत्येक परीक्षा केंद्र के 500 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। साथ ही परीक्षा केंद्रों के शौचालयों की सघन जांच कर किसी भी प्रकार की नकल सामग्री की संभावना को समाप्त करने तथा केंद्र परिसर के अंदर व बाहर आसपास के क्षेत्रों पर सतर्क निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समिति द्वारा निर्धारित प्रावधानों का शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटोस्टेट एवं स्टेशनरी दुकानों तथा कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखने को कहा गया है।वहीं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने परीक्षा अवधि के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों एवं कदाचार में संलिप्त लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और किसी भी अवांछनीय गतिविधि पर त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिहारशरीफ शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस उपाधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, नालंदा, जिला शिक्षा पदा. धिकारी, संबंधित केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## नालंदा में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, तीन नए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय शीघ्र होंगे संचालित

संवाददाता केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभि. न्न शैक्षणिक योजनाओं, विद्यालयों की स्थिति तथा नवीन शैक्षणिक अवसंरचना से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि नालंदा जिले में हिलसा, राजगीर एवं एकंगरसराय में स्थापित किए गए तीन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय (टाइपदृ3) के भवन निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।

इन आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं के लिए आवासीय सुविधा के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण पठन–पाठन की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक विद्यालय में 100 छात्राओं के आवास की क्षमता निर्धारित की गई है। इससे विशेष रूप से वंचित एवं पिछड़े वर्ग की बालिकाओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी।

जिला पदाधिकारी ने नव निर्मित विद्यालयों के शीघ्र संचालन पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि आगामी शैक्षणिक सत्र से इन विद्यालयों का विधिवत संचालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदा. धिकारी (समग्र शिक्षा) को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

बैठक में उप विकास आयुक्त, नालंदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सभी प्रखंड शिक्षा पदा. धिकारी, बीआरपी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नूरसराय में मंत्री श्रवण कुमार ने 12 लाभार्थियों के बीच 6.40 लाख रुपये की अनुग्रह एवं पारिवारिक लाभ राशि वितरित की

रानी सिन्हा, संवाददाता नूरसराय, केशववाणी । नूरसराय (नालंदा)। शुक्रवार को नूरसराय प्रखंड कार्यालय परिसर में ग्रामीण विकास सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सड़क दुर्घटना व आपदा में मृत व्यक्तियों के आश्रित 12 लाभार्थियों के बीच पारिवारिक लाभ एवं अनुग्रह अनुदान की राशि का चेक वितरण किया। इस दौरान कुल 6 लाख 40 हजार रुपये की राशि वितरित की गई।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार हर घर तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना अथवा आपदा में मृत्यु होने पर मृतक के आश्रितों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये एवं अनुग्रह अनुदान योजना के तहत 4 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाती है। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी रहती है और आपदा प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्रा. थमिकता है।

राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से अपील करते हुए मंत्री ने कहा कि इस सहायता राशि का उपयोग घर के



किसी अच्छे और आवश्यक कार्य में करें। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों की पढ़ाई–लिखाई, पोशाक, कलम–कॉपी जैसी जरूरतों पर राशि खर्च करने की सलाह दी।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. जियाउल हक, अंचलाधिकारी दीपक कुमार, आरडीओ नीतीश कुमार पाठक, राजस्व अधिकारी देव प्रकाश शर्मा, पीओ संजय कुमार सिन्हा, डॉ. धनंजय कुमार देव, रामकृष्ण कुमार, अविनाश कुमार मौर्य, रेखा देवी, रणधीर कुमार, अमरेंद्र कुमार, बबलू कुमार, बंटी यादव, सुधीर कुमार, चंद्रशेखर, राजीव रंजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं लाभार्थी उप. स्थित रहे।






## नालंदा में सड़क हादसे में युवक की मौत, अज्ञात वाहन की चपेट में आया बाइक सवार



संवाददाता केशववाणी । बिंद (नालंदा)। नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र अंतर्गत मलावां गांव के समीप गुरुवार देर शाम एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान वरहोग गांव निवासी उदय राम के 20 वर्षीय पुत्र गुलशन राम उर्फ कारू के रूप में की गई है।

घटना के संबंध में मृतक के चचेरे भाई अविनाश कुमार ने बताया कि गुलशन अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे की सूचना बिंद पुलिस द्वारा परि. जनों को दी गई। गुलशन के साथ मौजूद दूसरे युवक का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों के अनुसार गुलशन डेकोरेशन का काम करता था। वह कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था, इसकी स्पष्ट जानक. ारी फिलहाल नहीं मिल सकी है। प्रारंभिक जांच में हादसा अज्ञात वाहन की चपेट में आने से होना बताया जा रहा है।हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां शव को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रो–रोकर बुरा हाल हो गया।

इस संबंध में बिंद थाना अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में युवक को इलाज के लिए बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।

थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि मृतक गुलशन राम पुलिस पर हमला, पॉक्सो एक्ट एवं मद्य निषेध अधिनियम से जुड़े मामलों में आरोपी रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# गौतम इंस्टिच्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिक्स में राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस का आयोजन, कुष्ठ रोग का इलाज संभव है, पर भ्रांतियों का नहीं



रानी सिन्हा, संवाददाता केशववाणी । नूरसराय, नालंदा। गौतम इंस्टिच्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पारामेडिक्स (पारामेडिक्स विभाग) में राष्ट्रीय कुष्ठ दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम "कुष्ठ रोग का इलाज संभव है, पर भ्रांतियों का नहीं" रखा गया, जिसके माध्यम से समाज में कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने और समय पर उपचार के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर गौतम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत कुमार गौतम ने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह उपचार योग्य है और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रोग के प्रति भय या भेदभाव की भावना छोड़ें और रोगियों को सम्मान दें। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. खुशबू कुमारी ने कहा कि कुष्ठ रोग का इलाज सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। सही समय पर उपचार कराने से रोगी सामान्य जीवन जी सकता है और संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। सहायक प्राध्यापक डॉ. तनवीर हसन ने समाज से आग्रह किया कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों के साथ भेदभाव न किया जाए और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने में सहयोग किया जाए।कार्यक्रम के दौरान पारामेडिकल विभाग के छात्र–छात्राओं ने जागरूकता पोस्टर, पंपलेट वितरण और शपथ कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को रोग से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ मुक्त भारत के संकल्प को साकार करना और समाज में सकारात्मक सोच का विकास करना रहा।इस अवसर पर विषय आधारित वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें **प्रथम स्थान** सचीन कुमार, सुभाकर कुमार, शुभम कुमार रहा। जबकि **द्वितीय स्थान** पर रजनी कुमारी, ज्योति कुमारी, काजल कुमारी, प्रमलता कुमारी, नुतन कुमारी, निशांत कुमार, सागर कुमार, काजल कुमारी, मो. आकिब रहे।

कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक सोनाली सिंह, सुब्रता बेज, राहुल पासवान, अविनाश कुमार, आदित्य कुमार रंजन, तथा कार्यालय कर्मी ममता सिन्हा, ममता कुमारी, दिव्या कुमारी, शिवकांत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



# देवधा मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार और शिक्षकों का सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित

अमर वर्मा की रिपोर्ट केशववाणी । बिहार शरीफ, नालंदा । सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय देवधा में प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार के सेवानिवृत्ति एवं शिक्षक नीरज कुमार, आकांक्षा और रचना कुमारी के स्थानांतरण के उपरांत सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार रमण ने कहा कि आज का यह क्षण हमें दुख और खुशी दोनों अनुभव कराता है। उन्होंने बताया कि प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान विद्यालय और छात्रों के लिए जो योगदान दिया है, वह अमूल्य है। उनकी हार्दिकता, सहयोग और समर्पण सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्हो. ने विदाई समारोह में अमरेंद्र कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि वे जहाँ भी जाएँ, सफलता उनके कदम चूमे।
सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार ने भी अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी विद्यालय के शिक्षक या छात्रों को उनकी जरूरत होगी, वे सेवा भाव से हमेशा उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने कई विदाई गीत प्रस्तुत किए, जिसने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर बिहार शरीफ के पूर्व दो प्राचार्य बिंद. श्वर प्रसाद और सतीश कुमार, शिक्षक अरविंद प्रसाद, प्रमोद कुमार, सुबोध कुमार सिंह, प्रियांशु रोजी, प्रियंका, सुलेखा, नीतू, वीरेंद्र, रणवीर सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं एवं ग्रामीण उप. स्थित रहे।

कार्यक्रम का यह आयोजन विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय के लिए एक भावपूर्ण और यादगार अवसर बन गया।

# मजदूर विरोधी कानूनों के खिलाफ सीपीआई का एलान, 12 फरवरी की आम हड़ताल में उतरने का लिया निर्णय

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। केशववाणी नालंदा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आज संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. मनोज कुमार ने की। बैठक में राज्य कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक कामरेड प्रभात कुमार पांडे ने भाग लिया।



बैठक की शुरुआत महात्मा गांधी के शहादत दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, लेकिन आज उनके हत्यारों की विचारध. ारा से जुड़े लोग देश की सत्ता पर काबिज़ हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।



बैठक में ज्वलंत जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से मजदूर विरोधी श्रम कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर 12 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय आंदोलन (आम हड़ताल) में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर कामरेड प्रभात कुमार पांडे ने कहा कि देश में अराजक स्थिति व्याप्त है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है और आम जनता परेशान है। उन्होंने आह्वान किया कि 12 फरवरी के आंदोलन में समाज के सभी वर्गों को बढ़–चढ़कर भाग लेना चाहिए।बैठक में रामनरेश पंडित, सकलदेव प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद सिंह, सत्येंद्र कृष्ण, विनोद बिहारी, पवन कुमार, चंदेश्वर चौधरी, सुरेश प्रसाद, दिनेश सिंह, रामनरेश प्रसाद, नावेद साहब उर्फ गुड्डू, सरवन कुमार यादव, राजेंद्र पंडित, पदार्थ पासवान, श्री प्रसाद सिंह सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में शशि राज भारती बने गोल्ड मेडलिस्ट, एम.एड. में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गौतम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का नाम किया रोशन

रानी सिन्हा संवाददाता केशववाणी ।
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पंचम दीक्षांत समारोह गुरुवार, 29 जनवरी 2026 को भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पीजी सत्र 2023–25 के पारंपरिक एवं वोकेशनल पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए।



गौतम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के छात्र शशि राज भारती ने एम.एड. पाठ्यक्रम (सत्र 2023–25) में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडलिस्ट बनने का गौरव हासिल किया। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

इस अवसर पर गौतम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत कुमार गौतम ने शशि राज भारती को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्र की कड़ी मेहनत,अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने भी शशि राज भारती को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है और इससे महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का भी प्रमाण मिलता है।

कॉलेज के सभी प्राध्यापकों ने शशि राज भारती के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे आगे भी शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देते हुए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।



# झारखंड के गोड्डा जिले के जनप्रतिनिधियों का नालंदा की चोरसुआ पंचायत में एक्सपोजर विजिट, मनरेगा, ग्राम कचहरी व पंचायत विकास कार्यों से हुए प्रभावित

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, संबाददाता केशववाणी । गिरियक (नालंदा)। झारखंड के गोड्डा जिला अंतर्गत प्रखंड सुन्दर पहाड़ी की विभिन्न पंचायतों कृ बड़ा पाकतरी, बड़ा सिंदरी, चंदना, गोरा. डीह एवं बड़ा धमनी कृ से आए पंचायत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने नालंदा जिले के विभिन्न पंचायतों का एक्सपोजर विजिट किया। इसी क्रम में प्रतिभागियों द्वारा गिरियक प्रखंड के चा. रसुआ पंचायत का भ्रमण कर वहां संचा. लित विकास कार्यों का गहन अवलोकन किया गया।चोरसुआ पंचायत सरकार भवन पहुंचने पर सभी प्रतिभागियों का पंचायत के मुखिया चंदन कुमार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। झारखंड से आई टीम ने पंचायत क्षेत्र में संचा. लित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।इस दौरान गोड्डा जिले के बड़ा धमनी पंचायत के उपमुखिया दशरथ कुमार शाह ने बताया कि झारखंड में मनरेगा के तहत केवल कच्चे कार्य ही कराए जाते हैं, जबकि चोरसुआ पंचायत में मनरेगा योजना से कच्चे के साथ–साथ पक्के कार्यों का सफल




सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां निर्मित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, खेल का मैदान, हर खंधे तक कच्ची सड़क सहित अन्य कार्य अत्यंत सराहनीय हैं और वे इन्हें झारखंड में लागू करने का पूरा प्रयास करेंगे।एक्सपोजर विजिट के दौरान बिहार की ग्राम कचहरी व्यवस्था को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। झारखंड से आए जनप्रतिनिधियों ने ग्राम कचहरी की स्थापना एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर सस्ती, सरल और त्वरित न्याय व्यवस्था झारखंड में भी लागू की जानी चाहिए। प्रतिभागियों ने ग्राम कचहरी में आए मामलों के निपटारे की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा।

झारखंड से आए जनप्रतिनिधियों ने बिहार में पंचायत स्तर पर हुए विकास कार्यों की खुलकर सराहना की और कहा कि वे इन योजनाओं को अपने राज्य में भी जमीन पर उतारने की तैयारी करेंगे।इस मौके पर चोरसुआ पंचायत के मुखिया चंदन कुमार ने कहा कि झारखंड के जनप्रतिनिधियों द्वारा पंचायत के कार्यों की लगातार प्रशंसा किया जाना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि चोरसुआ पंचायत के विकास मॉडल को झारखंड में अपनाया जाना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकास योजनाओं की सफलता को दर्शाता है।

एक्सपोजर विजिट टीम में बड़ा पकतरी पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र पहाड़िया, श्रीकांत पहाड़िया, मनोज पहाड़िया, सीताराम पहाड़िया, राम पहाड़िया, बड़ा सिंदरी पंचायत के मुखिया, पंचम झा (पंचायत सचिव, बड़ा पकतरी) सहित कुल 40 सदस्यीय दल उपस्थित रहा।



# नालंदा के नौ प्रखंडों में शीघ्र खुलेंगे डिग्री कॉलेज, डीएम कुंदन कुमार ने दिए सख्त निर्देश

केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। जिला पदा. धिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सात निश्चय 3 कार्यक्रम के अंतर्गत "उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य" योजना की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के उन प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना एवं संचालन की प्रगति की समीक्षा करना था, जहाँ अब तक कोई भी डिग्री महाविद्यालय संचालित नहीं है।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, नालंदा द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के रहुई, नूरसराय, बिंद, नगरनौसा, कतरीसराय, करायपरशुराय, थरथरी, परवलपुर एवं सरमेरा प्रखंडों में वर्तमान में किसी भी प्रकार का डिग्री महाविद्यालय स्थापित अथवा संचालित नहीं है। इसके कारण इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिक. ारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) को स्पष्ट निर्देश दिया कि डिग्री महाविद्यालय विहीन प्रखंडों में प्रस्तावित डिग्री कॉलेजों के तत्काल संचालन की व्यवस्था अविलंब सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रस्ता. वित महाविद्यालयों के स्थायी भवन एवं परिसर निर्माण हेतु विभागीय दिशा–निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त एवं उपयुक्त भूमि की पहचान एवं चिन्ह. ांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, जिससे भविष्य में महाविद्यालयों का सुचारु एवं स्थायी संचालन संभव हो सके।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षा का सुदृढ़ ढांचा जिले के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, और सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक प्रखंड में उच्च शिक्षा की सुलभता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदा. धिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बथडि पार्टी में हर्ष फायरिंग युवक को पड़ी महंगी, वायरल वीडियो के बाद देसी कट्टा व गोली के साथ गिरफ्तार

केशववाणी नालंदा। नालंदा। नालंदा थाना क्षेत्र के पचवारा गांव में जन्मदिन की खुशी में हर्ष फायरिंग करना एक युवक को भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार. वाई करते हुए युवक को एक देसी कट्टा एवं एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो की सत्यता की जांच के बाद युवक की पहचान की गई, जिसके पश्चात उसे गिरफ्तार किया गया। वहीं इस मामले में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

इस संबंध में डीएसपी राजगीर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें हर्ष फायरिंग की घटना सामने आई। जांच में वीडियो सही पाए जाने के बाद संबंधित युवक को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया।



पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि उसने अपने जन्मदिन की पार्टी के दौरान फायरिंग की थी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि हर्ष फायरिंग कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

# कमल बिगहा में शिक्षा को बढ़ावा देने की अनूठी पहल, छात्रों को शैक्षणिक सामग्री देकर किया गया सम्मानित

संबाददाता केशववाणी |
कतरीसराय, नालंदा। कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के कमल बिगहा गांव में शिक्षा को बढ़ावा देने एवं बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई। मिथलेश पासवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गांव के छात्रों को कॉपी, कलम, पेंसिल जैसी शैक्षणिक सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जदयू जिला सचिव बबलू पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य पर अडिग रहकर मेहनत करनी चाहिए। परिश्रम के बल पर कीर्ति स्थापित कर क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रों को आगे और बड़े मंच पर सम्मा. नित कराने का प्रयास किया जाएगा।

समाजसेवी सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा ही आगे बढ़ने का एकमात्र मजबूत माध्यम है, जिससे समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मिथलेश पासवान ने कहा कि



मेहनत करने वाले छात्रों को सम्मानित करना उनका निरंतर प्रयास रहेगा। कार्यक्रम में श्रवण पटेल, प्रिंस पासवान, रामचंद्र पासवान, संजय प्रसाद सहित अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बिहार का नंबर 1 अखबार

**अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें**

**7033325120**

**केशववाणी में विज्ञापन देकर**
**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा**